# लाठियों की दम पर कोयल घाटी में ऑटो-ट्रक से लूटपाट

## सूचना पर पंद्रह मिनट में पहुंची पुलिस, लूट कर रहे लुटेरों को दबोच, निकाला जुलूस



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ बहादुरपुर।** करीब तीन दशक पहले लूटपाट के लिए कुख्यात रही थानाक्षेत्र अंतर्गत कोयल घाटी पर एक बार फिर लुटेरों की नजर है। बीते शनिवार-रविवार की दरमियानी रात तीन लुटेरों ने लाठियों की दम पर एक-एक कर दो वाहनों को रोककर नगदी लूट लिए। हालांकि पुलिस को पहली लूट की सूचना तुरंत मिल गई, जिससे पंद्रह मिनट के अंदर ही पुलिस वाहन मौके पर पहुंच गया। जिससे दूसरी लूट कर रहे लुटेरों को पुलिस ने दबोच लिया, किंतु एक लुटेरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला, जिसकी शिनाख्त हो चुकी है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लुटेरों का जुलूस बहादुरपुर में निकाला और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया।

थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने घटना के संबंध में बताया कि 4 जुलाई की रात को एफआरव्ही 112 पर सूचना एक ऑटो चालक गौरव साहू का फोन आया कि उससे अज्ञात लुटेरों ने दिन भर की कमाई 1020 रुपए कोयल घाटी पर लूट ली है। पुलिस टीम तुरंत ही मौके पर रवाना हुई तो घटनास्थल पर ही एक ट्रक खड़ा हुआ था, जिसके चालक से तीन युवक मारपीट कर रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल ही लुटेरों को ललकार कर घेर लिया। किंतु अंधेरे का फायदा उठाकर एक युवक भाग निकला। पूछताछ में ट्रक चालक ने बताया कि लुटेरों ने लाठी-डंडों से ट्रक को क्षतिग्रस्त किया है और 24300 रुपए लूट लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में गौरव साहू की शिकायत पर कल्ला पुत्र हरिसिंह यादव, जयराम पुत्र श्रीराम यादव एवं रविंन्द्र पुत्र चंद्रभान यादव सभी निवासी बीलाखेड़ा पर बीएनएस की धारा 309 6 एवं 324 4 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इनमें से रविंद्र यादव फरार है, जिसकी पतारसी पुलिस कर रही है। वहीं कल्ला एवं जयराम को लूटी गई राशि एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



# पंचायत सचिव संगठन ने एसडीएम का किया स्वागत

**सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का दिया गया भरोसा, मौजूद रहे जिलाध्यक्ष**


नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के नवागत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) इसरार खान का पंचायत सचिव संगठन द्वारा सौजन्य मुलाकात कर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। संगठन और एसडीएम के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा पर बातचीत की गई।

इस मुलाकात के दौरान पंचायत सचिव संगठन ने एसडीएम इसरार खान को आश्वस्त किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सभी पंचायत सचिव पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। संगठन ने विकास कार्यों में प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष जगभान सिंह, इंद्रभान सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में



### भारतीय सेना में चयनित होने पर ऋतिक रजक का किया गया सम्मान

**अशोकनगर।** शहर के होनहार युवा ऋतिक रजक का इंडियन आर्मी (भारतीय सेना) में चयन होने पर समाज और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्षत्रिय राजपूत बहुउद्देशीय विकास समिति द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ऋतिक रजक का फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने ऋतिक को देश सेवा के इस नए सफर के लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह राजपूत (ज्ञानी) ने कहा कि ऋतिक ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से भारतीय सेना में स्थान पक्का कर न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज का युवा वर्ग उनसे प्रेरणा लेकर देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। इस दौरान क्षत्रिय राजपूत बहुउद्देशीय विकास समिति के घनश्याम पवार, प्रभात सिंह बैस, रामपाल सिकरवार, गब्बू सोलंकी, प्रदीप सिंह, कल्लू सिसोदिया, रूपसिंह, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पुलिस ने साइबर अपराधो के प्रति किया जागरूक

**शाढ़ौरा।** साइबर अपराध सुरक्षा अभियान के तहत सैफ क्लिक 2.0 के माध्यम से पुलिस आम जनता को जागरूक करने के लिए चौराहे-चौराहे जागरूकता अभियान के माध्यम से ठगी से बचने के उपाय बताने के लिए नुक्कड़ सभाओं का सहारा लेकर अभियान को सार्थकता प्रदान कर रही है।

पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी सुनील सिकरवार शाढ़ौरा थानार्न्तगत सैफ क्लिक 2.0 अभियान में विभिन्न माध्यमों से जनता से जुड़कर साइबर अपराधों से बचने के सन्देश अभियान जारी है। रविवार को दोपहर बस स्टैंड पर पुलिस ने सायबर अपराधों के रोकथाम के लिए जनता से सीधा संपर्क कर पोस्टर बैनरों के माध्यम से धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर सुनील परवैया ने एक नया नवाचार के माध्यम से बस स्टैंड पर जनता को जागरूक किया। पुलिस ने अभियान के तहत जनता को आकार्षित करने एवं अपने अभिनय का हिस्सा बनाने ठोल ठमाको का सहारा लिया, ठोल ठमाको ने जनता को आकर्षित किया, सब इंस्पेक्टर श्री परवैया ने साइबर अपराधों के बचाव के अनेकों उदाहरण देते हुए बताये कि सावधानी ही सुरक्षा है हमें लोभ प्रलोभन में न आकर अपने मोबाइल की किल्ल को सैफ एवं सुरक्षित रखना है।

# जिले में FOSTEC प्रशिक्षण आयोजित

## नियमों का पालन करने और लाइसेंस नंबर लिखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय होटल में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की 'Fostec' (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में खाद्य व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

यह प्रशिक्षण कलेक्टर साकेत मालवीय तथा अभिहित अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के आदेशानुसार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। FSSAI की इंपैनल्ड एजेंसी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित इस शिविर में अधिकृत ट्रेनर रामेश्वर जाजू और मोबिलाइजेशन मैनेजर नितेश पंचेश्वर ने व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के कड़े नियमों व बारीकियों की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण बड़ी संख्या में कारोबारी मौजूद रहे।



**सवालों के मिले जवाब, नियमों के पालन की अपील**

ट्रेनिंग के दौरान व्यापारियों ने अपने व्यवसाय से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं और नियमों को लेकर ट्रेनर रामेश्वर जाजू से कई सवाल पूछे। श्री जाजू ने सभी शंकाओं का समाधान करते हुए व्यापारियों से FSSAI के मानकों का पूरी निष्ठा से पालन करने की अपील की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने कारोबारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यापारी केवल पक्के बिल से ही खाद्य सामग्रियों का क्रय-विक्रय करें। साथ ही अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों की होर्डिंग पर अपना फूड लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें।

# दो पहिया की टक्कर से डीसीएम घायल

**अशोकनगर।** दो पहिया वाहनों की टक्कर में सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ डीसीएम घायल हो गये, उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को सुबह पछाड़ीखेड़ा मार्ग पर सामने से तेज गति से आ रहे एक स्कूटी वाहन चालक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डीसीएम आनंद मोहन माथुर घायल हो गये हैं। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। इस दुर्घटना में पीछे बैठीं उनकी पत्नी भी घायल हो गईं हैं। घटना के समय आसपास लोगों ने सहयोग कर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# जिला नायक द्वारा दी गई बहाली की हो रहीं चर्चा

## दोषी पटवारियों की बहाली ने प्रशासनिक कार्यशैली पर उठाए गंभीर सवाल, आखिर क्यों दिखाई मेहरबानी

**दीपक जलाने आंखो पर पट्टी बांध किया अंधेरा**

नवभारत
**अशोकनगर की बात**
राजकुमार प्रजापति

जिले में इन दिनों राजस्व सहित अन्य प्रशासनिक गलियारों से लेकर आम जनता के बीच एक ही चर्चा जोरों पर है साहब की असीम अनुकंपा। खुद को जिले का नायक और न्याय का पर्याय साबित करने की कोशिश करने में जुटे रहे बड़े साहब की कार्यशैली अब गंभीर सवालों के घेरे में है। भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोपों में घिरे और जांच रिपोर्टों में सीधे तौर पर दोषी पाए गए पटवारियों को जिस तरह अभयदान देकर बहाल किया गया है, उसने प्रशासन की जीरो टॉलरेंस की दावों की हवा निकाल दी है।

दरअसल जिले में इन दिनों राजस्व सहित अन्य प्रशासनिक गलियारों और आम जनता के बीच राजस्व विभाग की एक अजीबोगरीब कार्यप्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और गंभीर अनियमितताओं के आरोपों में निलंबित किए गए पटवारियों पर बड़े साहब इस कदर मेहरबान हुए कि उन्हें बिना किसी ठोस दंड के गुपचुप तरीके से बहाल कर दिया गया है। जबकि जांच रिपोर्टों में साफ तौर पर दोषी पाया गया बावजूद इसके सजा के स्थान पर दी गई यह सहानुभूति अब सीधे तौर पर जिला प्रशासन की नीयत और कार्यशैली पर उंगली उठा रही है।

**जांच में सिद्ध हुआ दोष, फिर सजा के बदले पुरस्कार क्यों?**

नियमों के मुताबिक, जब किसी लोक सेवक के खिलाफ विभागीय जांच में आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो उस पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई या बर्खास्तगी की गाज गिरती है। लेकिन इस मामले में गंगा उल्टी बह गई। जांच अधिकारी की रिपोर्ट में साफ तौर पर दोषी पाए जाने के बावजूद, इन पटवारियों को मलाईदार हलकों में दोबारा स्थापित कर दिया गया। तो वहीं अब जनता हैरान है कि जो साहब मंचों से भ्रष्टाचार मिटाने की कसमें खाते हैं, वे बंद कमरों में दोषियों पर इतने मेहरबान कैसे हो गए?

**हलकों की मजबूरी या पर्दे के पीछे कुछ और?**

इस गुपचुप बहाली के बाद जिले के नागरिकों और पीड़ित किसानों द्वारा अब तीखे सवाल किये जा रहे है कि क्या राजस्व विभाग के पास ईमानदार कर्मचारियों का इतना अकाल है कि दागी और भ्रष्ट चेहरों के बिना हलके चलाना ही मुश्किल हो गया है? या फिर इस सहानुभूति के पीछे पर्दे के पीछे का कोई बड़ा आर्थिक लेन-देन और गहरी साठगांठ है, जिसने साहब के कलम की धार को कुंद कर दिया है?

**नायक की छवि पर गहराता संशयः**

कहावत है कि दीपक तले अंधेरा होता है और यहां इस मामलों को जिस तरह रफा-दफा किया गया, उसने जिला नायक की छवि को धूमिल कर दिया है। जिसकी बजह से जिले के नायक कहे जाने वाले बड़े साब की साख पर संशय के बादल मडराने लगे है। अकेले इस आदेश ने नहीं ही बल्कि अथाईखेड़ा की विवादित जमीन संबंधी आदेश भी अब राजस्व हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**बड़ा सवालः**

अगर जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी साहब इसी तरह आंखें मूंदे रहे और संरक्षण देते रहे, तो जनता का प्रशासनिक न्याय व्यवस्था से भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। अब देखना यह है कि इस गंभीर मामले में भोपाल बैठे उच्च अधिकारी संज्ञान लेते हैं या फिर इस भ्रष्टाचार पर पर्दा पड़ा रहेगा।

# भाजपा मंडल की बैठक में बनाई आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** भारतीय जनता पार्टी शाढ़ौरा मंडल की बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ भारत माता एवं भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें मंडल प्रभारी सुनील सिंह महिदपुर,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह,मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी,नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, पूर्वजिला मंत्री वीरेंद्र सिंह कनारी ,महामंत्री अनिल रघुवंशी,सुरेंद्र सिंहसेजी,भूपेन्द्र दुबे,शिशुपाल यादव,शिवराज रघुवंशी ,शिवराम सिंह बमोरी,डॉ नितिन रघुवंशी,सतेंद्र चौरसिया,गौरव सडुमरा,शिवकुमार रघुवंशी,विनय तिवारी ,धर्मेन्द्र रघुवंशी ,सोहिल रघुवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं मंच का संचालन हर्षित जैन ने किया।

# जन्मदिवस पर पीपल का वृक्ष भेंट कर मनाया गया जन्मदिवस, रौंपे गए पौधे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रविवार को डॉ. विकास जयमण्डल यादव का जन्मदिवस स्थानीय तहसील परिसर में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी हेमंत पाठक ने इस अवसर पर पीपल का पौधा भेंट कर पौधारोपण किया। श्री पाठक विगत कई वर्षों से अपने स्नेहीजनों के जन्मदिवस पर पौधा भेंट करने का पुनीत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पहले स्वयं जाकर पौधा रोपण की जगह का चयन करते हैं, फिर स्वयं जमीन पर जल आदि की व्यवस्था कर पौधे को दो वर्ष तक पाला जाता है। उनका उद्देश्य है कि पौधा बड़ा होकर सर से ऊंचा हो। इस



मिशन में उनके सहयोगी विवेक शर्मा का भी विशेष योगदान रहता है। डॉ. विकास के जन्मदिवस पर उनके पिता डॉ. जयमण्डल यादव को पीपल का पौधा उपहार स्वरूप देकर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. हरवीर रघुवंशी उपस्थित रहे। उन्होंने हेमंत पाठक के इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि हेमंत पाठक ने सैकड़ों पौधे विभिन्न लोगों के जन्मदिवस पर भेंट कर पर्यावरण संरक्षण में अनुकरणीय योगदान दिया है।

**बेरूखी** | **किसानों के लिए सूखती फसलों ने बढ़ाई चिंता**

# जिले में थम गए बदरा, उमस भरी गर्मी से लोग हुए बेहाल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** एक तरफ जहां देश के विभिन्न हिस्सों और मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर हैं और सड़कें जलमग्न हैं, वहीं दूसरी ओर जिले में मानसून आने के बाद अचानक बादलों ने बेरुखी अख्तियार कर ली है। आषाढ़ के महीने में उम्मीद के विपरीत बारिश का दौर थम जाने से पूरा जिला उमस भरी गर्मी की चपेट में है। आसमान में बादल तो आ रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही आगे निकल रहे हैं, जिससे आम जनता से लेकर अन्नदाता तक बेहद



परेशान हैं।

दरअसल जिले में पिछले कुछ दिनों से बारिश न होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हवा थमने और वातावरण में नमी के कारण उमस इस कदर बढ़ गई है कि लोग दिनभर पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। तो वहीं बारिश न होने की बजह से जिले का अन्नदाता भी परेशान है, जिसके चलते

वर्तमान में किसान सुबह से लेकर शाम तक केवल आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं और झमाझम बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं, ताकि फसलों को नया जीवन मिल सके और इस दमघोंटू उमस से राहत मिले।

**फसलों पर संकट, आसमान ताक रहे किसान**

बारिश की इस खामोशी का सबसे बुरा असर कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। जिले के जिन किसानों ने मानसून की शुरुआती दस्तक के साथ ही खेतों में बोवनी कर दी थी, उनकी फसलें अब पानी के अभाव में मुरझाने लगी हैं। जिसके चलते कई इलाकों में किसानों ने कम पानी को देखते हुए बोवनी रोक दी है। तो वहीं कई इलाको में अंकुरित हो चुकी सोयाबीन और मक्का की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

किसानों का कहना है कि अगर अगले दो-चार दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो महंगी खाद-बीज डालकर की गई बोवनी बेकार हो जाएगी और दोबारा बोवनी का संकट खड़ा हो जाएगा।

### पुलिस कर रही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

**अशोकनगर।** वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक के तीन विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों के स्वरूप एवं उनकी संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स एवं अन्य इंटरनेट आधारित सेवाओं का उपयोग बढ़ने के कारण साइबर अपराधी आम नागरिकों को विभिन्न तरीकों से ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सैफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन चंदेरी ने ग्राम विक्रमपुर पंचायत मैं होम स्टे में, थाना नईसरांय ने शासकीय विद्यालय नईसरांय में, सायबर सेल एवं थाना कोतवाली ने वर्धमान स्कूल अशोकनगर में, थाना देहात ने परिवर्तन मिशन स्कूल कबीरा रोड अशोकनगर में, थाना ईसागढ ने शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ में, सायबर सेल ने शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोक नगर में, थाना शाढौरा ने टेकरी सरकार मंदिर के पास लोगों को जागरूक किया गया।